तापमान
अधिकतम 38.8 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार 28 जुलाई 2026

12 घटते वन क्षेत्र मानव जीवन के लिए बने चुनौती, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश


12 लीगल व डिफेंस काउंसिल सिस्टम के विरोध में वर्क सस्पेंड


## खबर संक्षेप



### जीटी रोड पर चलती कार में लगी आग

**कुरुक्षेत्र।** जीटी रोड पर देर रात चलती कार में अचानक आग लग गई। आग लगते ही ड्राइवर ने सूझबूझ दिखाते हुए कार की रफ्तार कम की और तुरंत बाहर निकल गया। ड्राइवर के उतरते ही कार पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। कुछ ही मिनटों में कार धू-धू कर जलने लगी। घटना शाहाबाद के रतनगढ़ गांव के पास हुई। कार चला रहे नीतिश चोपड़ा पंजाब के रहने वाले हैं और अभी दिल्ली उत्तम नगर में रहते हैं। वह दिल्ली से अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में अचानक उन्हें कार से धुआं निकलता दिखाई दिया। स्थिति को भांपते हुए उन्होंने तुरंत कार की स्पीड कम की और सड़क किनारे रोककर बाहर निकल गए। नीतिश के कार से उतरने के कुछ ही सेकेंड बाद आग ने पूरी कार को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते लपटें तेज हो गईं। हाईवे से गुजर रहे अन्य वाहन ड्राइवर भी मौके पर रुक गए। घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड विभाग और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची।

### पेड़ काटने के आरोप में तीन पर मामला दर्ज

**यमुनानगर।** वन विभाग के कलेसर जंगल के डारपुर बीट से खैर के पेड़ काटकर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने तीन खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोपी खैर तस्करों पर करीब 50 हजार रुपये की कीमत के खैर के पेड़ काटकर चोरी करने का आरोप है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार डारपुर बीट के वन राजिक अधिकारी नरेश कुमार ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि वह 16 जुलाई को रात आठ बजे क्षेत्र में गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि डारपुर बीट से कुछ खैर तस्कर खैर के पेड़ों को काट रहे हैं। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचा।

### कार की टक्कर से बाइक सवार शिक्षक की मौत

**यमुनानगर।** गांव अंटावा के पास तेज रफ्तार कार की टक्कर लगने से गांव गढ़ी सिकंदरा निवासी 22 वर्षीय प्राइवेट शिक्षक शुभम की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार मृतक के चचेरे भाई गांव गढ़ी सिकंदरा निवासी अनिल कुमार ने बताया कि उसके चाचा सुखविंद्र सिंह की वर्ष 2010 में सड़क दुर्घटना में मौत हो चुकी थी। सुखविंद्र सिंह के परिवार में पत्नी सीमा, बेटी खुशबू और बेटा शुभम था।

### बिना सभी पक्षों की सहमति तक पुराना टाइम टेबल लागू रखने की मांग

# नए बस अड्डे के गेट बंद, प्राइवेट बसों के नए टाइम टेबल का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

प्राइवेट बसों के लिए बनाए गए नए टाइम टेबल के विरोध में सोमवार को रोडवेज कर्मचारियों ने नए बस अड्डे के मुख्य गेट बंद कर दिए। कर्मचारियों का आरोप है कि कैथल आरटीओ द्वारा तैयार किए गए प्राइवेट बसों के टाइम टेबल में कई खामियां हैं और इसे तैयार करते समय परिवहन विभाग के कर्मचारियों को विश्वास में नहीं लिया गया। रोडवेज कर्मचारियों ने कहा कि प्राइवेट बसों के टाइम टेबल का निर्धारण करते समय परिवहन विभाग के कर्मचारियों को भी प्रक्रिया में शामिल किया जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि जब तक नया टाइम टेबल सभी पक्षों की सहमति से लागू नहीं होता, तब तक पुराना टाइम टेबल ही प्रभावी रखा जाए। विरोध के दौरान कर्मचारियों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



**कुरुक्षेत्र।** रोष जताते रोडवेज कर्मचारी।

### यात्रियों को करना पड़ा परेशानी का सामना

लगभग आधा घंटा गेट बंद होने के कारण रोडवेज और अन्य बसें बस अड्डे के अंदर ही खड़ी रहीं, जबकि बाहर से आने वाली बसें भी परिसर में प्रवेश नहीं कर सकीं। इस विरोध का सबसे अधिक असर यात्रियों पर पड़ा। बसों का संचालन बाधित होने से यात्रियों को काफी देर तक इंतजार करना पड़ा और उन्हें भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। मौके पर पहुंचे प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने गेट खोला। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि जब तक नया टाइम टेबल नही बनता तब तक पुराने टाइम टेबल पर बसें चलेंगी। सभी की सहमति से ही नया टाइम टेबल बनाया जाएगा।

# महिला की मौत मामले में पानीपत अस्पताल का दावा, बेटे की फोन पर ली थी सहमति

- हस्ताक्षर वाले कॉलम में कर्मचारियों ने परिजनों के लिखे नाम, पुलिस ने की गलत अफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

शहर के चर्चित पार्क अस्पताल में पैर की हड्डी का इलाज कराने आई महिला गुड्डी देवी के दिल का ऑपरेशन (छल्ला डालना) करने और मरीज की मौत के मामले में सोमवार को अस्पताल प्रशासन ने मीडिया के सामने आकर अपना पक्ष रखा। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अस्पताल की सीईओ सपना ने गलतियों को तो स्वीकार किया, लेकिन साथ ही परिजनों पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर को नियम विरुद्ध बताया है।

### अस्पताल ने मानी स्टाफ की बड़ी गलती

अपनी सफाई पेश करते हुए पार्क अस्पताल प्रशासन ने यह स्वीकार किया कि उनके स्टाफ से लापरवाही हुई है। अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि सहमति (कंसेंट) फॉर्म के हस्ताक्षर वाले कॉलम में अस्पताल के ही स्टाफ ने खुद से मरीज के परिजनों का नाम लिख दिया था, जो कि प्रशासनिक स्तर पर स्टाफ की एक बड़ी गलती रही है।



### परिजनों को बीमारी की गंभीरता के बारे में कई बार समझाया

अस्पताल ने अपनी सफाई में दावा किया कि जब परिजनों को मरीज के दिल की बीमारी और छल्ला डालने की बात बताई गई, तो पहली बार में उन्होंने मना कर दिया था। हालांकि, इसके बाद उन्हें बीमारी की गंभीरता के बारे में कई बार समझाया गया। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि उन्होंने अंत में महिला के बेटे से फोन पर बातचीत की और उसकी सहमति मिलने के बाद ही दिल में छल्ला (स्टेंट) डाला गया था।

### परिजनों पर पैसों की मांग का आरोप

पीड़ित परिवार पर पलटवार करते हुए अस्पताल प्रबंधन ने आरोप लगाया कि महिला की मृत्यु के बाद परिजनों ने अस्पताल से पैसों की मांग की थी। जब अस्पताल ने उनकी यह मांग पूरी नहीं की, तो उन्होंने हंगामा और पुलिस केस किया। अस्पताल प्रशासन ने अपने खिलाफ दर्ज हुई एफआईआर को गलत ठहराया है। इस संबंध में उन्होंने एसपी भूपेंद्र सिंह के नाम एक पत्र लिखकर मुकदमा रद्द करने की मांग की है। अस्पताल का तर्क है कि सुप्रीम कोर्ट/मेडिकल गाइडलाइंस के अनुसार, किसी अस्पताल या डॉक्टर पर एफआईआर दर्ज करने से पहले मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच कराया जाना अनिवार्य है। यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तभी केस दर्ज होना चाहिए, जबकि पुलिस ने बिना किसी मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट के जल्दबाजी में एफआईआर दर्ज की है।

# तीन युवकों ने नेल आर्टिस्ट व उसके दोस्त पर किया जानलेवा हमला

- एक बाइक पर पेट्रोल छिड़क कर लगाई आई, दूसरी बाइक को डंडों से तोड़कर किया क्षतिगस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

शहर की शांति कॉलोनी के पास बीती रात तीन युवकों ने नेल आर्टिस्ट और उसके दोस्त पर पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने नेल आर्टिस्ट की बाइक को आग लगा दी। जबकि उसके दोस्त की बाइक को डंडों से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। हमलावर युवक नेल आर्टिस्ट के गले से चांदी की चेन छीनकर फरार हो गए। सूचना मिलने ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार पीड़ति नेल आर्टिस्ट के भाई अर्जुन ने बताया कि उसका भाई सूरज मॉडल टाउन में नेल आर्ट का काम करता है। रविवार रात करीब 12 बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर लौट रहा था। उसी दौरान उसके साथ दूसरी बाइक पर उसका एक दोस्त भी चल रहा था। रास्ते में उन्हें तीन युवक मिले। जो किसी के घर के बाहर गाली-गलौज करने के बाद वहां से लौट रहे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर सूरज और आरोपियों के बीच कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपियों ने सूरज और उसके दोस्त को रास्ते में रोक लिया और उन पर हमला कर दिया। मारपीट के दौरान सूरज के सिर पर गंभीर चोट लगी जबकि उसके दोस्त की टांग पर डंडे से वार किया गया। आरोपियों ने सूरज की बाइक पर पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। जिससे उसकी बाइक पूरी तरह से जल गई। जबकि आरोपियों ने सूरज के दोस्त की बाइक को डंडों से क्षतिग्रस्त कर दिया।



# आठ साल पुराने लूटकांड में महिला दोषी करार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की फास्ट ट्रैक कोर्ट अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अंबरदीप सिंह की अदालत ने 8 साल पुराने बहुचर्चित ईको कार लूट, अपहरण के प्रयास और जानलेवा हमले के मामले में सुनवाई करते हुए एक महिला आरोपी को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी महिला गुंजन पत्नी रविंद्र, निवासी हरिसिंहपुरा, घरौंडा, करनाल को धारा 379-B (छीनझपट/लूट), 365/511 (अपहरण का प्रयास) और 323 (मारपीट) के तहत दोषी ठहराते हुए 10 साल की कठोर कारावास और कुल 31,000 जुर्माने की सजा सुनाई है।

मामले की शुरुआत 8 मार्च 2018 को हुई थी जब मुरथल (सोनीपत) निवासी पीड़ित मोहित को एक अनजान नंबर से काजल नाम की लड़की का फोन आया। उसने पानीपत जाने के लिए ईको कार बुक करने की बात कही। 10 मार्च 2018 की रात करीब 8:30 बजे योजना के मुताबिक मुरथल से दो लड़कियां और एक अधेड़ महिला (काजल, गुंजन और फुलमती) मोहित की गाड़ी में सवार हुईं।



### पुलिस कार्रवाई और गिरफ्तारी

थाना सदर पानीपत पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया। जांच के दौरान पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपियों सोनू, काजल उर्फ प्रियंका, गुंजन, फुलमती, प्रवीन और रवि को गिरफ्तार कर लूटी गई कार और वारदात में इस्तेमाल चाकू व मोटरसाइकिल बरामद कर ली।

### गर्दन पर रखा चाकू और छीनी गाड़ी

गाड़ी रुकते ही वहां पहले से मौजूद 3 लड़के आ पहुंचे। आरोपियों ने बहाना बनाकर गाड़ी से नीचे उतरकर मोहित की कार की चाबी निकाल ली और मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित मोहित की पीड़ित किसी तरह अपनी जान बचाकर होटल के गेट की तरफ भागा, जिसके बाद आरोपी उसकी ईको कार लेकर मौके से फरार हो गए।

### 14 साल पुराने मुकदमे का प्री लोक अदालत में आपसी समझौते से निपटारा

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने सर्वोच्च न्यायालय में लंबित एक मुकदमे की प्री लोक अदालत में सुनवाई कराई। काउंसलिंग के दौरान सीजेएम मीनाक्षी यादव, सुमीर अग्रवाल और सतीश कुमार अरोड़ा के प्रयासों से दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया। अधिवक्ता संजीव वोहरा और वर्षा रानी की सहमति के बाद करीब 14 वर्ष से लंबित मुकदमे का आपसी समझौते से निपटारा हुआ। सीजेएम मीनाक्षी यादव ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय में 21 से 23 अगस्त तक लोक अदालत का आयोजन होगा। इसी के तहत करनाल के मामलों की प्री लोक अदालत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आयोजित की जा रही है।

## शराब ठेके के बाहर युवक की संदिग्ध मौत, पोस्टमार्टम रिपोर्ट पर टिकी जांच

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका, पुलिस हर पहलू से कर रही पड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

नेशनल हाईवे किनारे स्थित शराब के ठेके के बाहर एक युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद परिजनों ने मौत को संदिग्ध बताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है, जबकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। मृतक की पहचान तरावड़ी निवासी 27 वर्षीय कृष्ण कुमार के रूप में हुई है। वह पेशे से ट्रैक्टर चालक था। परिजनों के अनुसार वह सुबह घर से निकला था, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटा। तलाश के दौरान उसका शव शराब के ठेके के बाहर पड़ा मिला। परिजनों का कहना है कि कृष्ण शराब पीता था, लेकिन अत्यधिक नहीं। उन्होंने उसके मुंह से खून निकलने और शरीर पर चोट के निशान होने का दावा करते हुए मामले की गहन जांच की मांग की है। स्थानीय लोगों के अनुसार युवक का शव ठेके के सामने पड़ा मिला। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ अन्य साक्ष्य भी जुटाए।

## ई.20 पेट्रोल से खराब हुई 1.55 करोड़ की नई डिफेंडर

- दिल्ली जंतर मंतर पर जाते समय आई थी गाड़ी में खराबी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पंजाबी सिंगर रेशम सिंह अनमोल की 1.55 करोड़ की नई डिफेंडर_110 बीच रास्ते में खराब हो गई। अनमोल का आरोप है कि गाड़ी ई.20 पेट्रोल की वजह से खराब हुई है। गायक की ओर से एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

उनका कहना है कि गाड़ी को कंपनी के सर्विस सेंटर भेजा गया जहां उन्हें बताया गया कि खराब पेट्रोल की वजह से उसका फ्यूल पंप खराब हो गया। रेशम सिंह ने बताया कि इसी वजह से अब उसने गाड़ी में सामान्य पेट्रोल (ई.20) डलवाना बंद कर दिया है। हालांकि ज्यादातर पेट्रोल पंपों पर हाई-स्पीड पेट्रोल नहीं मिलने से उनहें कई तरह की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गायक रेशम सिंह अनमोल के बड़े भाई डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि यह यह वीडियो पांच दिन पुराना है। रेशम ने दिल्ली जाते समय यह वीडियो बनाया था। उस दिन डिफेंडर में हाई-स्पीड पेट्रोल डलवाने में दिक्कत आई थी। अनमोल कई पेट्रोल पंपों पर गया लेकिन उन्हें कहीं भी एक्सपी 95 या एक्सपी100 पेट्रोल नहीं मिला। रेशम ने वीडियो में बताया कि चलते-चलते गाड़ी अचानक बंद हो गई है।उसने कंपनी को फोन किया तो उन्होंने कहा कि आजकल फ्यूल से जुड़ी समस्या आ रही है, इसलिए गाड़ी चेक करवा लीजिए। जब गाड़ी कंपनी के सर्विस सेंटर भेजी तो वहां बताया गया कि फ्यूल पंप खराब हो गया है। उसे बदलना पड़ेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि यह खराब फ्यूल की वजह से हुआ है।



**अंबाला।** नई डिफेंडर के साथ गायक रेशम सिंह अनमोल।

## विवाहिता ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर की आत्महत्या

- मृतका के मायके वालों ने सुसराल पक्ष पर लगाया प्रताड़ित करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव सभापुर में 28 वर्षीय विवाहिता रजनी देवी ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर प्रताड़ति करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद मृतका के पति समेत आधा दर्जन आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जिला अंबाला के गांव तंदवाल निवासी जरनैल सिंह ने बताया कि वह मजदूरी करते हैं। उनकी चार बेटियां और एक बेटा है। चौथे नंबर की बेटी रजनी देवी की शादी 23 अप्रैल 2022 को यमुनानगर के गांव सभापुर निवासी रजत के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के कुछ माह बाद से ही पति और उसके परिजन दहेज कम लाने की बात कहकर रजनी को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ति करने लगे। उसने बताया कि वर्ष 2023 में रजनी ने पहली बेटी और वर्ष 2025 में दूसरी बेटी को जन्म दिया। इसके बाद ससुराल पक्ष की प्रताड़ना और बढ़ गई। आरोप है कि रजनी को बेटा न होने को लेकर ताने दिए जाते थे और कहा जाता था कि वंश चलाने के लिए बेटे की जरूरत है।

## कुवि वाणिज्य विभाग के 18 विद्यार्थी सहायक प्राध्यापक पद पर चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र के वाणिज्य विभाग के लिए अत्यंत गर्व और हर्ष का विषय है कि विभाग के 18 विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का चयन हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) पद पर हुआ है।

यह उल्लेखनीय उपलब्धि विभाग की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा, गुणवत्तापूर्ण शोध तथा योग्य शिक्षाविदों के निर्माण के प्रति उसकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। चयनित अभ्यर्थियों में एम.कॉम. के वर्ष 2015-2017 सत्र से रीना, वर्ष 2017-2019 सत्र से विक्रम एवं सोनिया, वर्ष 2018-2020 सत्र से मनप्रीत कौर, प्रीति मित्तल, निशा यादव एवं प्रिया, वर्ष 2019-2021 सत्र से शिवानी, वर्ष 2020-2022 सत्र से अरुणा तथा वर्ष 2022-2024 सत्र से राहुल, दिव्या एवं ऋतु राठी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त विभाग के पीएच.डी. शोधार्थियों में डॉ. प्रीति गिल, डॉ. सीमा खान, शोभा, वीना, संगीता एवं सविता का चयन भी सहायक प्राध्यापक पद के लिए हुआ है। कुवि कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने चयनित अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उल्लेखनीय उपलब्धि वाणिज्य विभाग की उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा, गुणवत्तापूर्ण शोध एवं विद्यार्थियों के सतत परिश्रम का परिणाम है।

### हाईकोर्ट के आदेश लागू करने की मांग, 31 जुलाई को कुरुक्षेत्र में प्रदर्शन का ऐलान

# नियमितीकरण की मांग पर गस्ट टीचर्स का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

अतिथि अध्यापकों सोमवार को शहर के नेहरू पार्क में सरकार द्वारा माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के निर्णय को लागू न किए जाने के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान अतिथि अध्यापकों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध जताया। मौके पर अतिथि अध्यापकों ने बहन राजरानी को श्रद्धांजलि दी। इस दौरान मृतक राजरानी के पिता रणधीर सिंह कुंडू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सोमवार सुबह जिले के अतिथि अध्यापक जय प्रकाश मित्तल की अध्यक्षता में शहर के नेहरू पार्क में इकट्ठे हुए। सबसे पहले मृतक राजरानी को श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर सरकार की ओर से नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ न किए जाने के कारण अतिथि अध्यापकों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस दौरान अतिथि अध्यापक संघ की महिला विंग की राज्य प्रधान पूनम कुमारी, राज्य महासचिव भूपेंद्र सिंह, राज्य वरिष्ठ उप प्रधान सुरेंद्र सिंह, संगठन सचिव पलविंद्र सिंह पन्नू, राज्य सलाहकार देवेंद्र सिंह, राज्य कमेटी के सदस्य मंजीत कौर और अनिल कुमार ने संबोधित किया।



**यमुनानगर।** के नेहरू पार्क पर नारेबाजी कर विरोध जताते अध्यापक संघ के सदस्य।

### नियमितीकरण की लड़ाई जारी

रणधीर सिंह कुंडू ने कहा कि 23 जून से कुरुक्षेत्र के लघु सचिवालय में अतिथि अध्यापकों का नियमितीकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन लगातार जारी है। लेकिन एक माह से अधिक समय बीत जाने के बावजूद हरियाणा सरकार ने न्यायालय के आदेशों को लागू करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। उन्होंने कहा कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा वर्ष 2014 की नियमितीकरण नीति को वैध ठहराया जा चुका है तथा माननीय पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने भी अतिथि अध्यापकों को 28 मई 2014 से नियमित मानते हुए छह प्रतिशत ब्याज सहित एरियर, पेंशन, ग्रेच्युटी एवं अन्य सेवा लाभ देने के आदेश दिए हैं। इसके बावजूद सरकार द्वारा नियमितीकरण की प्रक्रिया प्रारंभ न करना न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है। इस अवसर पर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के जिला प्रधान संजय कंबोज ने बताया कि 31 जुलाई को कुरुक्षेत्र में शहीद ऊधम सिंह का शहीदी दिवस मनाया जाएगा।

### नलवी पार में सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव, पंचों ने डीसी से लगाई गुहार

**करनाल।** जिले के गांव नलवी पार की ग्राम पंचायत में विवाद खुलकर सामने आ गया है। पंचायत के अधिकांश निर्वाचित पंचों ने सरपंच पूरन सिंह के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश करते हुए जिला प्रशासन से हस्तक्षेप की मांग की है। पंचों ने उपायुक्त कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और पंचायत के कामकाज की निष्पक्ष जांच कराने की मांग उठाई। पंचों का आरोप है कि पंचायत के विकास कार्यों और सरकारी अनुदान के उपयोग में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही। उनका कहना है कि कई महत्वपूर्ण फैसले पंचों की सहमति के बिना लिए गए, जबकि पंचायत की नियमित मासिक बैठकें भी नहीं बुलाई गईं। इससे विकास कार्य प्रभावित हुए और पंचायत व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। पंच मारखन सिंह ने शपथ पत्र के माध्यम से आरोप लगाया कि गांव के विकास के लिए करोड़ों रुपये की राशि मिलने के बावजूद धरातल पर अपेक्षित कार्य दिखाई नहीं दे रहे। पंचों का दावा है कि गांव में कुल 14 पंच हैं, जिनमें से अधिकांश सरपंच के खिलाफ हैं और अब उन्हें पंचायत के सदस्यों का विश्वास प्राप्त नहीं है। पंचों ने यह भी आरोप लगाया कि गांव में लगाई गई स्ट्रीट लाइटें कुछ ही समय में खराब हो गईं, जबकि उन पर लाखों रुपये खर्च किए गए।

## जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने नागरिकों को सचेत रहने के लिए किया आह्वान

# बिंगोमोड वायरस से रहें सावधान, जरा सी चूक से खाली हो जाएगा बैंक खाता

**ठगी का शिकार होने पर बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें अथवा निकटतम पुलिस थाना या साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं**


पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर अपराधों से आमजन के बचाव को लेकर जिला पुलिस प्रशासन ने विशेष साइबर एडवाइजरी जारी कर लोगों को बिंगोमोड जैसे खतरनाक साइबर वायरस से सावधान रहने के लिए आगाह किया है। जरा सी चूक से यह वायरस आपको आर्थिक नुकसान पहुंचा सकता है। इस लिंक पर क्लिक करते ही मोबाइल में खतरनाक मालवेयर प्रवेश कर सकता है और बैंकिंग जानकारी चुराकर कर आपका बैंक खाता खाली कर सकता है। जिला पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने इस वायरस से सावधान रहने के लिए नागरिकों को सतर्क किया है।

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराधी लगातार नए नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। हाल के समय में बिंगोमोड नामक एक खतरनाक एंड्रॉयड मालवेयर चर्चा में है। जिसका उद्देश्य मोबाइल फोन के माध्यम से बैंक खातों तक पहुंच बनाकर आर्थिक नुकसान पहुंचाना है। पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने बताया कि साइबर अपराधी अक्सर एसएमएस, व्हाटसएप, ईमेल अथवा अन्य सोशल मीडिया प्लेटफार्म के माध्यम से फर्जी अथवा संदिग्ध लिंक भेजते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति ऐसे लिंक पर क्लिक करता है। उसके मोबाइल में मालवेयर इंस्टॉल होने का खतरा बढ़ जाता है। इसके बाद साइबर अपराधी बैंकिंग संबंधी संवेदनशील जानकारी चुराकर खातों से अवैध लेन देन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों के अनुसार बिंगोमोड एक अत्याधुनिक रिमोट एक्सेस ट्रोजन है। जो संक्रमित मोबाइल डिवाइस को दूर से नियंत्रित करने की क्षमता रखता है। यह स्क्रीन रिकॉर्डिंग, स्क्रीनशॉट लेने तथा डिवाइस पर विभिन्न कमांड संचालित करने में सक्षम हो सकता है। कुछ मामलों में यह अपने निशान मिटाने के लिए स्वयं को हटाने अथवा डिवाइस को रीसेट जैसी प्रक्रिया शुरू करने का भी प्रयास कर सकता है। जिससे पीड़ित को ठगी का पता देर से चलता है।

### संदिग्ध लिंक पर न करें क्लिक

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने नागरिकों को सतर्क करते हुए कहा कि किसी भी अनजान या संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। ऐसा करना आपके लिए खतरनाक साबित हो सकता है। इससे आपको आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। केवल आधिकारिक एवं विश्वसनीय स्रोतों से ही ऐप डाउनलोड करें। मोबाइल में एंटीवायरस एवं सुरक्षा अपडेट नियमित रूप से इंस्टॉल रखें। बैंक खाते, ओटीपी, यूपीआई पिन, पासवर्ड या अन्य गोपनीय जानकारी किसी के साथ साझा न करें। किसी लालच में आकर कोई चूक न करें। इसके अलावा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की स्थिति में तुरंत बैंक एवं संबंधित एजेंसी को सूचित करें।

### सावधानी और सतर्कता ही साइबर ठगी से बचाव के उपाय

पुलिस अधीक्षक कमलदीप गोयल ने कहा कि सावधानी और सतर्कता ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। यदि किसी व्यक्ति के साथ साइबर ठगी की घटना होती है तो वह बिना देरी किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर कॉल करें अथवा निकटतम पुलिस थाना या साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराएं। समय पर सूचना देने से ठगी गई राशि को सुरक्षित कराने की संभावना काफी बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस साइबर अपराधियों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई कर रही है और आमजन को जागरूक करने के लिए नियमित रूप से साइबर सुरक्षा अभियान भी चला रही है।

# बिटिया ने किया कमाल: टीवी शो हुनर का मंच में छात्रा तृप्ति ने टाप फाइनलिस्ट में बनाई जगह


मैडल व प्रमाणपत्र के साथ तृप्ति।

- नेशल हेरिटेज पब्लिक स्कूल में चौथी कक्षा की छात्रा है तृप्ति
- डीडी पंजाबी चैनल के डांस कार्यक्रम किसमें कितना है दम में जीता सेमीफाइनल मुकाबला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जगाधरी के अंसल टाउन स्थित नेशनल हेरिटेज पब्लिक स्कूल की चौथी कक्षा की छात्रा तृप्ति ने छोटी सी आयु में छोटे पर्दे पर 9एक्स एम चैनल पर चल रहे राष्ट्र स्तरीय टीवी शो 'हुनर का मंच' में टाप फाइनलिस्ट में स्थान प्राप्त कर स्कूल व अभिभावकों समेत जिले का नाम रोशन किया है। वहीं, तृप्ति ने डी.डी पंजाबी चैनल के लोकप्रिय डांस कार्यक्रम किसमें कितना है दम (केकेएचडी) में भी शानदार प्रदर्शन के दम पर सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश करके सभी को चकित कर दिया। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. आरना सिंह समेत स्टाफ सदस्यों ने तृप्ति को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

डॉ. आरना सिंह ने बताया कि तृप्ति जहां पढ़ाई में उत्कृष्ट अंक हासिल कर रही है, वहीं राष्ट्रस्तरीय नृत्य प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अब तक कई मेडल हासिल कर चुकी है। हालहि में छात्रा तृप्ति ने 9एक्स एम चैनल पर चल रहे राष्ट्रस्तरीय टीवी शो हुनर का मंच शो में देश भर से आए प्रतिागियों के बीच टाप फाइनलिस्ट में स्थान प्राप्त किया है। तृप्ति ने हुनर का मंच शो में जहां टाप फाइनलिस्ट में स्थान हासिल किया है। वहीं, छात्रा तृप्ति ने डी.डी पंजाबी चैनल के लोकप्रिय राष्ट्रस्तरीय डांस कार्यक्रम किसमें कितना है दम (केकेएचडी) में भी सेमीफाइनल मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया है। स्कूल की प्रिंसीपल डॉ. आरना सिंह ने बताया कि छात्रा तृप्ति नृत्य की प्रतिभा की धनी है। उसने इससे पहले भी कई नृत्य प्रतियोगिताओं में अवार्ड जीतकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने छात्रा तृप्ति को बधाई व शुभकामनाएं दी। मौके पर नेशनल पब्लिक स्कूल आफ ग्रुप के चेयरमैन डॉ. आरएस पुंडीर ने छात्रा तृप्ति को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




## दूसरों की जिंदगी बचाने के लिए करें रक्तदान

**रादौर।** भारत विकास परिषद शाखा रादौर द्वारा कस्बा के पैलेस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में मुख्यातिथि के रुप में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के बेटे एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर शुभारंभ किया। मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रुप में हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका व नपा चेयरमैन रजनीश मेहता शालु मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता परिषद के शाखा अध्यक्ष ललित माटिया ने की। रक्तदान शिविर में चिकित्सकों द्वारा रक्तदाताओं से 102 यूनिट रक्त एकत्रित किया। इस दौरान रक्तदाताओं को अल्पहार दिया गया। मुख्यातिथि एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नेपाल सिंह राणा ने कहा कि रक्तदान करने से हम किसी की अनमोल जिंदगी बचा सकते हैं। रक्तदान को महादान कहा गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से शरीर में कोई कमी नहीं आती है। बल्कि रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है। उन्होंने युवाओं को आहवान किया कि वह अपने जन्मदिन या फिर किसी भी खुशी के मौके पर वर्ष में कम से कम तीन बार अपना रक्तदान अवश्य करें। मौके पर हरियाणा सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन ईश्वर सिंह पलाका ने कहा कि रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं है।



## हमारे जीवन में भगवान श्रीराम के नाम का है बहुत बड़ा महत्वः शास्त्री

**रादौर।** रादौर के पक्का घाट स्थित श्रीनागेश्वर धाम मंदिर में चल रही श्रीराम कथा में पांचवे दिन कथाव्यास धनंजय शास्त्री ने भगवान श्रीराम व माता सीता के विवाह का प्रसंग सुनाया। मौके पर भजनों के माध्यम से प्रभु का गुणगान कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कथाव्यास धनंजय शास्त्री ने फरमाया कि भगवान श्रीराम और माता सीता का विवाह मार्गशीर्ष मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को हुआ था। जिसे विवाह पंचमी के रूप में मनाया जाता है। महर्षि विश्वामित्र श्रीराम और लक्ष्मण को लेकर राजा जनक के राज्य जनकपुरी पहुंचे। जहां चारों तरफ उत्सव का माहौल था। विवाह से पूर्व श्रीराम और सीता की पहली मुलाकात फूलों की वाटिका में हुई थी। जहां माता सीता ने गौरी माता की पूजा की और श्रीराम को पति के रूप में पाने की कामना की। राजा जनक ने घोषणा की थी कि जो भी वीर शिवजी के पिनाक धनुष पर प्रत्यंचा चढ़ाएगा। उसी के साथ सीता जी का विवाह होगा। सभा में बड़े बड़े राजा आए । लेकिन धनुष पर प्रत्यंचा तो चढ़ाना तो दूर कोई उसे हिला भी नहीं सका। तब गुरु विश्वामित्र की आज्ञा पाकर श्रीराम ने अत्यंत सहजता से शिव धनुष उठाया और उस पर प्रत्यंचा चढ़ाते समय वह धनुष टूट गया। शर्त पूरी होने के बाद अयोध्या से राजा दशरथ बारात लेकर आए। वेदों और रीती रिवाजों के साथ जनकपुरी में श्रीराम और माता सीता का विवाह अत्यंत हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम का नाम लेने से ही मनुष्य के सभी संकट कट जाते हैं। मनुष्य के जीवन में भगवान श्रीराम के नाम का बहुत बड़ा महत्व है। हमें इसे सिमरण कर अपने जीवन को सफल बनाना चाहिए। कथाव्यास ने चौपाइयों व भजनों से श्रद्धालुओं को आत्मविभोर कर दिया। कथा के बाद आरती का आयोजन किया गया और प्रसाद वितरण किया गया।

# गुरु आज्ञा परम लक्ष्य की ओर अग्रसर करने वाली दिव्य शक्तिः साध्वी भारती

- दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान ने जगाधरी में कराया संत संकीर्तन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान द्वारा जगाधरी के हनुमान गेट के नजदीक स्थित आश्रम में संत संकीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में साध्वी वंशिका भारती ने साध संगत को शिष्य के जीवन में गुरु आज्ञा के महत्व को समझाया। मौके पर साध्वी बहनों ने मधुर भजनों का गायन करके साध संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया।

साध्वी वंशिका भारती ने फरमाया कि आध्यात्मिक जीवन में गुरु आज्ञा एक साधक के जीवन को परम लक्ष्य की ओर अग्रसर करने वाली दिव्य शक्ति होती है। गुरु की प्रत्येक आज्ञा में शिष्य के आध्यात्मिक उत्थान, आत्म परिष्कार तथा परमात्मा की प्राप्ति का मार्ग निहित होता है। इसलिए जो शिष्य श्रद्धा, विश्वासन और समर्पण के साथ गुरु की आज्ञा का पालन करता है। वह जीवन में निरंतर उन्नति करता हुआ अंततः ईश्वर साक्षात्कार की ओर बढ़ता है। साध्वी वंशिका भारती ने कहा कि संसार में प्रत्येक व्यक्ति अपनी बुद्धि, इच्छाओं और मन की प्रवृत्तियों के अनुसार कार्य करता है। लेकिन मनुष्य का मन चंचल, सीमित और अनेक प्रकार के विकारों से प्रभावित होता है। ऐसे में यदि साधक केवल अपने मन का अनुसरण करता है। तो वह अनेक बार भ्रमित हो जाता है। इसके विपरीतए सद्गुरु त्रिकालदर्शी होते हैं। वह शिष्य के वर्तमान ही नहीं, उसके भविष्य और आध्यात्मिक कल्याण को भी दृष्टिगत रखते हुए आज्ञा प्रदान करते हैं। इसलिए गुरु की आज्ञा का पालन करना वास्तव में अपने जीवन को सही दिशा प्रदान करना है। साध्वी भारती ने कहा कि शास्त्रों में भी गुरु आज्ञा को सर्वोच्च स्थान दिया गया है। गुरु आज्ञा का पालन केवल बड़े कार्यों तक सीमित नहीं होता। मगर जीवन के प्रत्येक छोटे बड़े कार्य में अनुशासन, विनम्रता, सेवा, साधना, सत्संग और सदाचार को अपनाना भी गुरु आज्ञा का ही स्वरूप है।


यमुनानगर। जगाधरी में संत संकीर्तन में प्रवचन श्रवण करते हुए साध संगत।

### गुरु साधक को भटकाव से बचाता है

जब शिष्य बिना तर्क वितर्क, बिना अहंकार और बिना स्वार्थ के गुरु की वाणी को अपने जीवन में उतारता है। तभी उसके भीतर श्रद्धा, धैर्य, विवेक और आत्मबल का विकास होता है। साध्वी वंशिका भारती ने कहा कि वर्तमान समय में मनुष्य के पास ज्ञान और साधन तो बहुत हैं । मगर जीवन को सही दिशा देने वाला विवेक कम होता जा रहा है। ऐसे समय में सद्गुरु की आज्ञा जीवन रूपी नौका की पतवार है। जो साधक को भटकाव, तनाव, भय और अज्ञान से निकालकर शांति, संतुलन और आत्मिक आनंद की ओर ले जाती है। साध्वी ने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे गुरु द्वारा प्रदान की गई साधना, सेवा, सत्संग और सदाचार की शिक्षाओं को जीवन में भी के साथ अपनाएं।

## जिला प्रशासन ने पंचायत भवन यमुनानगर में लगाया अंत्योदय मेला

# पात्र नागरिकों को उपलब्ध करवाएं योजनाओं का लाभः आहूजा

**समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पात्रों को लाभांवित करने के निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


यमुनानगर। पंचायत भवन में अंत्योदय मेले में स्टालों का अवलोकन करते अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा।

मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना 2.0 के अंतर्गत शहर के पंचायत भवन में अंत्योदय मेले का आयोजन किया गया। मेले में राज्य एवं केंद्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लाभार्थियों को उपलब्ध कराई गई तथा पात्र नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिया गया। मौके पर विभिन्न स्टालें भी लगाई गई। मेले का शुभारंभ अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा ने किया।

आहूजा ने पंचायत भवन में लगाए गए विभागों के स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभार्थियों को दी जा रही सेवाओं की जानकारी ली। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को पात्र नागरिकों को सरकार की योजनाओं का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से उपलब्ध करवाए जाने के निर्देश दिए। ताकि अंत्योदय परिवारों के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के उद्देश्य को प्रभावी रूप से साकार किया जा सके। उन्होंने नागरिकों से इस अंत्योदय मेले में बढ़ चढकर भाग लेने के लिए आहवान किया। वहीं, मेले में हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम द्वारा अनुसूचित जाति के बीपीएल परिवारों को निगम की विभिन्न ऋण एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

हरियाणा कौशल विकास निगम द्वारा सूर्य योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना तथा अन्य योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया। इसके अलावा पीएम स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) के तहत माइक्रो क्रेडिट सुविधा एवं पुनर्गठित योजना की अवधि 31 दिसंबर 2024 से बढ़ाकर 31 मार्च 2030 किए जाने संबंधी जानकारी भी दी गई। इसी तरह मत्स्य पालन विभाग हरियाणा द्वारा अनुसूचित जाति के पात्र आवेदकों को मत्स्य पालन के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई। जबकि रोजगार विभाग, हरियाणा पिछड़ा वर्ग एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कल्याण निगम, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कॉरपोरेशन लिमिटेड, विकास एवं पंचायत विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सहित विभिन्न विभागों ने अपने अपने स्टॉल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार किया तथा पात्र लाभार्थियों का मार्गदर्शन किया।

## न्यूज डायरी



### पौधरोपण कर संरक्षण का लिया संकल्प

**यमुनानगर।** समग्र शिक्षा अभियान के जिला परियोजना अधिकारी केएस संधावा के नेतृत्व में सोमवार को मॉडल संस्कृति राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जगाधरी में एक पौधा माँ के नाम पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की कक्षा 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं व अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण करते हुए उनके संरक्षण का संकल्प लिया। जिला परियोजना अधिकारी संधावा ने कहा कि बढ़ती ग्लोबल वार्मिंग और पर्यावरण प्रदूषण आज पूरी दुनिया के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। ऐसे में अधिक से अधिक पौधारोपण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु पौधारोपण के लिए सबसे उपयुक्त समय होता है, क्योंकि इस मौसम में लगाए गए पौधों की वृद्धि तेज होती है तथा उनके जीवित रहने की संभावना भी अधिक रहती है। विद्यालय के प्राचार्य मोहम्मद जावेद ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक अभियान नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। उन्होंने विद्यार्थियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनका संरक्षण करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प दोहराया।




### समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों को शीघ्र निपटाएं

**यमुनानगर।** डीडीपीओ नरेन्द्र सिंह ने सोमवार को समाधान शिविर के दौरान अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्याओं को लेकर आने वाले प्रत्येक प्रार्थी की समस्याओं को मौके पर ही निपटान करने का प्रयास रहे। यदि कोई समस्या का समाधान दस्तावेजों या अन्य जांच पर आधारित है तब भी उसका समयबद्ध होकर जल्द निपटान करवाना सुनिश्चित करें। डीडीपीओ ने कहा कि प्रदेश सरकार के आदेशानुसार आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में अब बदलाव किया गया है। अब शिविर सप्ताह में दो दिन सोमवार व वीरवार सुबह 10 से 12 बजे तक आयोजित किए जा रहे हैं। पूर्व की भांति जिला व उपमंडल दोनों स्तरों पर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर के दौरान दो शिकायतें प्राप्त हुई जिसमें गुलखान सिंह ने प्रॉपर्टी आईडी ठीक करवाने व जगीरो देवी ने असमर्थ गरीब परिवार की पेंडिंग बिजली बिल को माफ करवाने के बारे समस्या रखी। इस अवसर पर समाधान शिविर के विशेष सदस्य नीरज गुप्ता, जगदीश बब्बर व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।



### कल मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**यमुनानगर।** श्री लाल द्वारा मंदिर यमुनानगर में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव बड़ी श्रद्धा एवं विश्वास के साथ मनाया जाएगा। उक्त निर्णय श्री लालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी की बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता श्री लालद्वारा मंदिर प्रबंधक कमेटी के प्रधान रमेश मेहता ने की। प्रधान रमेश मेहता ने बताया कि हर वर्ष मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जाता है। इस वर्ष भी महोत्सव की तैयारियां आरंभ कर दी गई है। उन्होंने बताया कि 29 जुलाई को सुबह हवन यज्ञ होगा । जिसमें विद्वान आचार्य गोपाल राज व अन्य विद्वानों द्वारा विधिविधान के साथ यज्ञ में आहुतियां डलवाई जाएंगी। यज्ञ की समाप्ति पर भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कई प्रसिद्ध भजानिक एवं महिला संकीर्तन मंडली की सदस्य अपने भजनों से श्रद्धालुओं को निहाल करेंगी। इसके अलावा सतगुरु बाबा लाल दयाल जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डाला जाएगा। इसके बाद ब्रह्मभोज और फिर भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रधान रमेश मेहता ने सभी सदस्यों से आग्रह किया कि मंदिर में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न आने दें और और पूरी जिम्मेदारी के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वाह करें। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सीए दविंद्र मेहता, स्टेज सचिव केवल लूथडा आदि मौजूद रहे।



### हवन-यज्ञ के साथ नया शिक्षा सत्र शुरू

**रादौर।** जेएमआईटी इंजीनियरिंग कॉलेज रादौर में सोमवार को नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 का शुभारंभ भारतीय संस्कृति एवं वैदिक परंपराओं के अनुरूप हवन यज्ञ के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन, सरस्वती वंदना एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हवन यज्ञ से हुआ। हवन में संस्थान के निदेशक, विभागाध्यक्षों, संकाय सदस्यों, विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ आहुति अर्पित कर नए शैक्षणिक सत्र के सफल, मंगलमय एवं ज्ञानवर्धक होने की कामना की। संस्थान के निदेशक डॉ. संजीव गर्ग ने कहा कि किसी भी विद्यार्थी के जीवन में कॉलेज का पहला दिन एक नए अध्याय की शुरुआत होती है। इंजीनियरिंग शिक्षा केवल तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, नैतिक मूल्यों, नवाचार, समस्या समाधान तथा सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने का भी माध्यम है। जेएमआईटी तकनीकी शिक्षा, उत्कृष्ट प्रयोगशालाओं, अनुभवी एवं समर्पित संकाय, उद्योगोन्मुखी प्रशिक्षण, अनुसंधानए नवाचार तथा बेहतर प्लेसमेंट के लिए क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखता है। कार्यक्रम का संचालन पीडी विभागाध्यक्ष डॉ.जया मल्होत्रा ने किया। उन्होंने विद्यार्थियों को संचार कौशल, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच, टीमवर्क तथा व्यावसायिक नैतिकता के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि प्रभावी संचार व्यक्ति को अपने विचार स्पष्ट रूप से व्यक्त करने, दूसरों को समझने, मतभेदों का समाधान करने तथा बेहतर मानवीय संबंध स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

### पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई

**रादौर।** देश के पूर्व राष्ट्रपति एवं मिसाइलमेन स्वर्गीय डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम की 10वीं पुण्यतिथि रादौर क्षेत्र के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर अष्टविनायक कांवेंट स्कूल खरकाली, इंडियन पब्लिक स्कूल रादौर, डीएवी पब्लिक रादौर, लाईक पब्लिक स्कूल रादौर, भारत सीनियर सैंकडरी स्कूल कण्डरौली, गीता सीनियर सैंकडरी स्कूल चमरोड़ी, महाराजा अग्रसेन सीनियर सैकेंडरी स्कूल जठलाना, संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक स्कूल, ग्लोबल इंजि कॉलेज रादौर, जेएमआईटी इंजि कॉलेज रादौर, जेएमआईईटीईआई इंजि कॉलेज रादौर में पूर्व राष्ट्रपति स्वर्गीय डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम के चित्र पर स्टाफ सदस्यों ने फूलमालाएं अर्पित कर उन्हे श्रंद्धाजलि भेंट की। अष्टविनायक ग्रुप खरकाली के चेयरमैन डॉ.अमन पंजेटा ने कहा कि डॉ.एपीजे अब्दुल कलाम एक महान व्यक्तित्व के स्वामी थे। मिसाईल मैन के नाम से उन्हें जाना जाता था। वह देश के महान वैज्ञानिक थे। हमें उन पर नाज है। हमें उनकी नीतियों व शिक्षाओं का अनुसरण करना चाहिए। तभी हम उनके सपनों का भारत बना सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### शतरंज के खिलाड़ियों ने प्राप्त किया तृतीय स्थान

**थानेसर।** विद्या भारती हरियाणा के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों के अंतर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रतिवर्ष होता रहता है । हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रोहतक में हुआ था जिसमें विद्यालय से व-14 शतरंज प्रतियोगिता में आठवीं कक्षा से बहन जाह्नवी कुमारी, प्रिया, देशवी ,अवनी और रूहानी ने तृतीय स्थान प्राप्त करके विद्यालय को गोरवान्वित किया। इस अवसर पर प्रतिभागी और विजयी छात्राओं को प्रधानाचार्य यशपाल वधवा ने सर्टिफिकेट दिया और मेडल पहनाकर सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की मंगलकामना की।

### खेल प्रतियोगिताओं में छाए जयराम स्कूल के विद्यार्थी

**कुरुक्षेत्र।** देशभर में संचालित श्रीजयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष एवं श्रीजयराम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी के प्रेरणा से गतिमान श्रीमती केसरी देवी लोहिया जयराम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता जो गुरुकुल एवं अन्य विद्यालयों में आयोजित की गई थी। विभिन्न खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त करके विद्यालय का नाम गोरवान्वित किया। पीटीआई और वुशु कोच योगेश शर्मा ने बताया कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के फल स्वरुप विजेता विद्यार्थियों का चयन आगामी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में किया गया।

### डॉ. अनुपम बने गणित विभाग के अध्यक्ष

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. सोमनाथ सचदेवा के आदेशानुसार गणित विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अनुपम खन्ना ने सोमवार को विभागाध्यक्ष (चेयरपर्सन) का कार्यभार ग्रहण किया। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि डॉ. अनुपम खन्ना को 24 जुलाई 2026 से आगामी तीन वर्षों के लिए गणित विभाग का चेयरपर्सन नियुक्त किया गया है।

### कल मनाया जाएगा गुरु पूर्णिमा महोत्सव

**कुरुक्षेत्र।** पूज्य गीता मनीषी परमपूज्य स्वामी ज्ञानानंद महाराज के सान्निध्य में 29 जुलाई बुधवार को गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ गीता ज्ञान संस्थानम में आयोजित किया जाएगा। गुरु पूर्णिमा महोत्सव की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं को लेकर श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार की एक महत्वपूर्ण बैठक गीता ज्ञान संस्थानम्‌ में आयोजित हुई। समिति के अध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में महोत्सव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में समिति के अध्यक्ष डॉ. ऋषिपाल ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आह्वान किया कि गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धा, सेवा, अनुशासन एवं संगठन की भावना का अनुपम उदाहरण बने। उन्होंने सभी सेवकों से अपने-अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने का आग्रह किया।

## द्रोणाचार्य स्टेडियम में हुई जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता

# 600 मीटर दौड़ में अदिति ने जीता जिला चैंपियन का खिताब

### विद्यालय प्रबंधन ने किया सम्मानित, उज्ज्वल भविष्य के लिए दीं शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में एस. डी. गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा आठवीं की छात्रा अदिति ने अंडर-14 वर्ग की 600 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय नाम गोरवान्वित किया है। इससे पूर्व अदिति ने ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त कर जिला स्तर के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया था। अदिति की इस शानदार उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का वातावरण रहा। विद्यालय प्रबंधक विकास शर्मा एवं मंजू शर्मा, प्रधानाचार्या रिम्मी बठला तथा उप-प्रधानाचार्या अंजलि ने अदिति को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विद्यालय की खेल प्रशिक्षक कल्पना ने अदिति पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन करेगी। प्रबंधक विकास शर्मा ने कहा कि आज बेटियाँ खेल, शिक्षा और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं। विद्यालय सदैव छात्राओं को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए श्रेष्ठ अवसर और मार्गदर्शन प्रदान करता है। अदिति की उपलब्धि अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्रोत है, जो यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। प्रधानाचार्या रिम्मी बठला ने अदिति की इस शानदार सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



### गीता विद्यालय के छात्रों ने प्रांतीय खेलों में लहराया परचम, विजेताओं का हुआ सम्मान

**कुरुक्षेत्र।** श्रीमद्भगवद्गीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के वंदना सत्र में सोमवार को प्राचार्य अनिल मदान ने प्रांतीय खेलकूद प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। ये प्रतियोगिताएं 22 से 24 जुलाई 2026 तक रोहतक में आयोजित हुई थीं, जिनमें विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न खेलों में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में कराटे में हर्षित कक्षा 7 प्रथम स्थान, ताइक्वांडो में लव्य कक्षा 10 प्रथम स्थान, वंश कक्षा 6 प्रथम स्थान, तेजस कक्षा 6 प्रथम स्थान प्राप्त किया। जूडो में राघव कक्षा 9 ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य अनिल मदान ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। उन्होंने सभी छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेने और प्रत्येक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं, आचार्यगण तथा भैया-बहन उपस्थित रहे और विजेता विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार ने खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे ही उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा जताई।

## गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग, निकाला पथ प्रदर्शन



कुरुक्षेत्र। ज्ञापन सौंपते गो भक्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

देशव्यापी गोरक्षा सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को धर्मनगरी कुरुक्षेत्र में संत समाज और विभिन्न हिंदू संगठनों के नेतृत्व में गोमाता को राष्ट्र माता घोषित करने की मांग को लेकर विशाल पथ प्रदर्शन निकाला गया। इसके उपरांत राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, हरियाणा के मुख्यमंत्री तथा राज्यपाल के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। अभियान का नेतृत्व जिला कुरुक्षेत्र गो रक्षा सम्मान आह्वान अभियान के प्रमुख संयोजक संत राजेंद्र पुरी जग ज्योति दरबार ने किया। मोहन नगर चौक से शुरू हुआ पथ प्रदर्शन जिला उपायुक्त कार्यालय तक पहुंचा, जिसमें विभिन्न मठों, मंदिरों, अखाड़ों, गोशालाओं और सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

### मांग पूरी नहीं होने तक जारी रहेगा अभियान

संत राजेंद्र पुरी ने कहा कि कुरुक्षेत्र से पांच लाख से अधिक लोगों के हस्ताक्षरों वाला ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भेजा गया है। उन्होंने कहा कि संत समाज की मांग है कि गो माता को शीघ्र राष्ट्र माता घोषित किया जाए और जब तक यह मांग पूरी नहीं होती, तब तक अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर संत विशाल दास, संत जनार्दन दास, स्वामी हरिओम दास परिवार्जक, संत रघुनाथ सिंह, संत अवधेशानंद, संत गोपाल दास, स्वामी लक्ष्मी नारायण पुरी, देवी शरण, ब्रह्म मुनि, संत विजय दास, संत शिव चेतन पुरी तथा साध्वी मोक्षिता सहित अनेक संतों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए गो माता को राष्ट्र माता घोषित करने का समर्थन किया।

## ओमान रवाना होने से पहले युवाओं के लिए प्री-डिपार्चर ओरिएंटेशन ट्रेनिंग शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सांसद नवीन जिन्दल की 'नवीन अवसर' पहल के अंतर्गत महात्मा ज्योतिबा फुले इंटरनेशनल स्किल सेंटर, लाडवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से जिन्दल स्टील ओमान के लिए चयनित युवाओं के लिए कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में तीन दिवसीय प्री-डिपार्चर ओरिएंटेशन ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को विदेश रवाना होने से पहले ओमान के कार्य वातावरण, औद्योगिक संस्कृति, सुरक्षा मानकों, कानूनी प्रक्रियाओं तथा वहां की सामाजिक एवं सांस्कृतिक परिस्थितियों से परिचित कराना है, ताकि वे नए देश में आत्मविश्वास के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञ चयनित अभ्यर्थियों को विदेशी कार्य संस्कृति, कंपनी के नियम एवं अनुशासन, कार्यस्थल पर सुरक्षा मानकों, श्रम कानूनों, आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया, यात्रा संबंधी दिशा-निर्देश, आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियां, संचार कौशल, वित्तीय प्रबंधन तथा नए वातावरण में बेहतर ढंग से समायोजन करने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से प्रशिक्षण देंगे।

### गुरुकुल के कैडेटों ने जीवंत की शौर्य और बलिदान की गाथा

**कुरुक्षेत्र।** गुरुकुल कुरुक्षेत्र में कारगिल विजय दिवस देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस दौरान भारतीय सेना के उन वीर जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, जिन्होंने राष्ट्र की सेवा और रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान दिया। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों में देशभक्ति की भावना का संचार किया और उन्हें भारतीय सशस्त्र बलों के साहस, दृढ़ संकल्प और निःस्वार्थ समर्पण से परिचित कराया। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने कार्यक्रम की भूमिका प्रस्तुत की। उन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय सैनिकों द्वारा प्रदर्शित अदम्य साहस और वीरता का स्मरण किया। उन्होंने उन विषम और कठिन परिस्थितियों का उल्लेख किया, जिनमें भारतीय जवानों ने युद्ध लड़ा। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अनेक वीर सैनिकों ने राष्ट्र के सम्मान और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करते हुए अपने प्राण न्योछावर कर दिए।

## 200 से अधिक बंदियों का स्वास्थ्य जांचा

- आयुष विश्वविद्यालय ने जिला कारागार में लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल द्वारा जिला कारागार, कुरुक्षेत्र में स्वास्थ्य जागरूकता एवं निःशुल्क आयुर्वेदिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 200 से अधिक बंदियों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा विभिन्न रोगों की रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। जेल अधीक्षक धर्मबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में बंदियों को आयुर्वेद आधारित जीवनशैली, संतुलित आहार, योग तथा नियमित दिनचर्या के महत्व की जानकारी भी दी गई। आयुर्वेदिक अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक प्रो. राजा सिंगला ने बताया कि कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय समाज के प्रत्येक वर्ग तक आयुर्वेदिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। शिविर में कायचिकित्सा विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रीति गहलावत एवं उनकी टीम ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। डॉ. प्रीति गहलावत ने ज्वर, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, जोड़ों के दर्द, पाचन संबंधी विकार तथा अन्य सामान्य रोगों से पीड़ति बंदियों की जांच कर उन्हें आयुर्वेदिक परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया। इसके अलावा स्त्री एवं प्रसूति रोग तथा ईएनटी (नाक, कान एवं गला) संबंधी समस्याओं से ग्रस्त रोगियों की भी जांच कर आवश्यक परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान बंदियों की ब्लड शुगर एवं रक्त संबंधी आवश्यक जांचें निःशुल्क की गईं।



### तीन दिवसीय आईआईएमयूएन सम्मेलन में विद्यार्थियों ने दिखाई नेतृत्व क्षमता

**कुरुक्षेत्र।** द मिलेनियम स्कूल, कुरुक्षेत्र के प्रेरणा सभागार में आयोजित तीन दिवसीय आई.आई.एम.यू.एन. सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन हुआ। सम्मेलन के दूसरे और तीसरे दिन विद्यार्थियों ने गंभीर विचार-विमर्श, प्रभावशाली तर्क-वितर्क, नेतृत्व क्षमता तथा वैश्विक दृष्टिकोण का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सम्मेलन के प्रथम दिवस का शुभारंभ पंजीकरण, उद्घाटन समारोह, राष्ट्रगान, दीप प्रज्ज्वलन एवं सम्मेलन परिचय के साथ हुआ। इस अवसर पर भारतीय वायुसेना के पूर्व उप प्रमुख एयर मार्शल अनिल चोपड़ा तथा हरियाणा खेल विश्वविद्यालय के कुलपति एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी संबोधन दिया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान समारोह ने उद्घाटन दिवस को गरिमामय बनाया। दूसरे दिन विभिन्न समितियों में प्रतिनिधियों ने अपने-अपने देशों और दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करते हुए तीन चरणों में विचार-विमर्श किया। तीसरे दिन की शुरूआत योग सत्र से हुई, जिसके बाद प्रतिनिधियों ने भारतीय लोकसभा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, भारतीय निर्वाचन आयोग, अंतरराष्ट्रीय खोजी पत्रकार संघ तथा इंडियन प्रीमियर लीग जैसी विभिन्न समितियों में गहन चर्चा करते हुए विषयों का तार्किक एवं समाधानपरक विश्लेषण प्रस्तुत किया।

## रक्तदान शिविर और देशभक्ति के गीतों से वीरों को किया नमन

- कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भव्य संगीतमयी कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



सांस्कृतिक, सामाजिक एवं मनोरंजक संगठन गुदगुदी जंक्शन समूह द्वारा कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भव्य संगीतमयी कार्यक्रम /"विजयी भव/" का भव्य आयोजन पंचायत भवन सभागार में संपन्न हुआ। जानकारी देते हुए सचिव सुनील अंगीरस ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर बाद 3 बजे रक्तदान शिविर से हुआ जिसमें लायन्स क्लब कुरूक्षेत्र के प्रधान संदीप अरोड़ा सहित अन्य सदस्यों और सेवानिवृत्त सैनिकों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में जन सहयोग संस्था के संस्थापक मास्टर जितेंद्र,उपाध्यक्ष लाला नितेश मंगल और मित्रजन सेवा समिति के अध्यक्ष आशीष गर्ग व उपाध्यक्ष अमित गर्ग द्वारा सभी रक्तदाताओं को बैज लगाकर और सम्मान पत्र प्रदान किए गए। सायं 4 बजे पंचायत भवन सभागार में भारतमाता-सरस्वती वंदना उपरांत सेवानिवृत्त सैनिकों के साथ गुदगुदी जंक्शन,लायन्स क्लब कुरूक्षेत्र,वैटरन एयर वारियर एसोसिएशन हरियाणा और फैडरेशन ऑफ कैटरर्स एसोसिएशन हरियाणा के सदस्यों ने दीप प्रज्ज्वलित किया। वैटरन एयर वारियर एसोसिएशन हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष पवन सैनी, महासचिव ऋषिराम शर्मा, फैडरेशन ऑफ कैटरर्स एसोसिएशन, हरियाणा के प्रधान अवनी गुप्ता, चेयरमैन धर्मपाल सैनी ने कारगिल योद्धाओं और सेवानिवृत्त सैनिकों का फूलमालाओं से स्वागत किया।

## विशाल भंडारे के साथ आज से अखंड कांवड़ सेवा शिविर शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी अखंड सिद्ध हनुमान मंदिर मथाना चौकी में अखंड कावंड सेवा शिविर लगाया जाएगा। यह शिविर 28 जुलाई दिन मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ शुरू होगा तथा महा शिवरात्रि तक जारी रहेगा। यह जानकारी शिविर के आयोजक एवं मंदिर के संचालक स्वामी सत्यानंद महाराज ने दी। उन्होंने बताया कि शिविर में शिव भक्तों के लिए ठहरने, खाने-पीने व रहने की व्यवस्था के साथ-साथ चिकित्सा का भी विशेष प्रबंध किया जाएगा। शिविर में आने वाले शिव भक्तों को नशा बुराई के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। क्योंकि आज कुछ युवा नशे की लत में पढकर अपना व अपने परिवार का भविष्य बर्बाद करने पर तुले हुए है। कांवड के दौरान कुछ शिव भक्त भांग को भोले का प्रसाद मानकर पीते है, जबकि भगवान शिव नशे से दूर रहते थे वह तो गंगा जल से ही तृप्त हो जाते है। स्वामी ने बताया कि शिविर में शिव का व्रत रखने वाले भक्तों के लिए फल आदि का विशेष प्रबंध है। शिविर का शुभारंभ विशाल भंडारे के साथ शिव भक्तों के सहयोग से किया जाएगा। इसके अलावा शिविर में बीच-बीच में विशाल भंडारों का आयोजन भी किया जाएगा।



लाडवा। अखंड हनुमान मंदिर संचालक स्वामी सत्यानंद शिविर की जानकारी देते।

## प्रत्येक बूथ पर 6 से 15 अगस्त तक निकलेगी तिरंगा यात्रा : सुशांत भारती



**पिहोवा।** भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भाजपा विधिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुशांत भारती ने कहा कि 6 अगस्त से 15 अगस्त तक पिहोवा विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक बूथ पर तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। इस अभियान का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाना तथा युवाओं एवं आम नागरिकों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों के प्रति जागरूक करना है। इसी अभियान के तहत सुशांत भारती लगातार पिहोवा हलके के गांवों का दौरा कर कार्यकतार्ओं से संपर्क कर रहे हैं। उन्होंने गांव गढ़ी रोड़ान में आयोजित बूथ स्तरीय बैठक में कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए कहा कि तिरंगा केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि देश की एकता, अखंडता और गोरव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा में अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में राष्ट्रभक्ति का संदेश हर घर तक पहुंचे।इस अवसर पर बूथ युवा प्रमुख मीतु गढ़ी रोड़ान, दीपक पंवार, सुनील नरवाल, निखिल गोस्वामी, साहिल पंवार, कुलदीप जाट, पंकज कुमार, बूथ अध्यक्ष हरिराम, बीएलए-2 भीम सिंह, रामा, रत्ना राम, नाथ राम, रमेश कुमार, नरेश कुमार सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ब्रह्म सरोवर स्थित कला कीर्ति भवन के सभागार में स्वर सम्राट मोहम्मद रफी की याद में सजी 'सुर-संध्या'

# 'सात अजूबे इस दुनिया में' सहित विभिन्न गीतों से किया मनोरंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र। समारोह में मंच पर मौजूद सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री कृष्ण बेदी व अन्य अतिथिगण।

कुरुक्षेत्र की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था 'सृजन' एवं हरियाणा कला परिषद के संयुक्त तत्वावधान में ब्रह्म सरोवर स्थित कला कीर्ति भवन के सभागार में रविवार को स्वर सम्राट स्वर्गीय मोहम्मद रफी की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में उनके अमर गीतों पर आधारित भव्य 'सुर-संध्या' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रफी साहब के सदाबहार गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के मंत्री कृष्ण बेदी रहे। अति विशिष्ट अतिथि के रूप में हरियाणा उच्चतर शिक्षा परिषद के अध्यक्ष डॉ. कैलाश चन्द्र शर्मा तथा विशिष्ट अतिथियों के रूप में जिला परिषद की चेयरपर्सन श्रीमती कंवलजीत कौर, सैनसंस पेपर प्रा. लि., पिहोवा के एमडी प्रदीप सैनी एवं डॉ. खुशबीर कौशिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरियाणा कला परिषद के उपाध्यक्ष महेश जोशी ने की। सृजन के निदेशक डॉ. योगेश्वर जोशी ने बताया कि वे बचपन से ही मोहम्मद रफी के गीतों के बड़े प्रशंसक रहे हैं और कई वर्षों से उनकी स्मृति में 'सुर-संध्या' का आयोजन करते आ रहे हैं। इस वर्ष 'जोशी रफी नाइट' के माध्यम से उन्होंने रफी साहब को संगीतमय श्रद्धांजलि अर्पित की।

### गीतों पर झूमे दर्शक

कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ. योगेश्वर जोशी एवं दीपक कौशिक ने फिल्म 'हिन्दुस्तान की कसम' के देशभक्ति गीत से किया, जिसने पूरे सभागार को राष्ट्रभक्ति के रंग में रंग दिया। इसके बाद डॉ. जोशी ने एक के बाद एक कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में सुशील भार्गव के साथ /"दिल ने फिर याद किया/" और /"सात अजूबे इस दुनिया में/", स्वाति शुक्ला के साथ /"साथिया नहीं जाना कि जी ना लगे/" तथा /"कितना है तुमसे प्यार मुझे/", डॉ. सत्यभूषण के साथ /"ये माना मेरी जां/" और /"चल चल मेरे भाई/", अक्षि गोयल के साथ /"गुनगुना रहे हैं भंवरे/", पूजा पंडित के साथ /"वो हैं जरा खफा खफा जैसे लोकप्रिय गीतों की शानदार प्रस्तुतियों ने श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

### 11 विभूतियों को 'सृजन श्री' सम्मान से नवाजा

कार्यक्रम में संगीत संयोजन डॉ. सुधीर शर्मा ने किया, जबकि मंच संचालन डॉ. शालिनी शर्मा ने प्रभावी ढंग से किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि कृष्ण बेदी ने डॉ. योगेश्वर जोशी द्वारा गाए रफी साहब के लोकप्रिय गीत /"आजा रे आ जरा आ/", /"गुलाबी आंखें जो तेरी देखी/", स्वाति शुक्ला के साथ चढ़ती जवानी मेरी चाल मस्तानी/" तथा अक्षि गोयल के साथ /"आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे/" के रीमेक का भी लोकार्पण किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था 'सृजन' की ओर से समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 11 विभूतियों को 'सृजन श्री' सम्मान से सम्मानित किया गया। रफी साहब की मधुर यादों को समर्पित इस संगीतमय संध्या ने उपस्थित श्रोताओं के दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ दी।

## खबर संक्षेप

### ट्रैक पार करते समय बुजुर्ग ट्रेन की चपेट में आया, मौत

**अंबाला।** रेलवे ट्रैक पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। जीआरपी ने मृतक की पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं। चौकी प्रभारी यशपाल भसीन ने बताया कि रेलवे स्टेशन के पास किलोमीटर संख्या 269/22-20 डाउन लाइन पर व्यक्ति का शव उल्टे मुंह पड़ा हुआ मिला था। मृतक की उम्र करीब 60 से 65 वर्ष के बीच है और उसकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी है। घटना स्थल पर कोई भी चश्मदीद गवाह मौजूद नहीं था। पुलिस ने शव की पहचान के लिए उसे नागरिक अस्पताल के पोस्टमार्टम में रखवाया है। पहचान के बाद ही उसे परिजनों के हवाले किया जाएगा। पहचान न होने पर बाद में जीआरपी शव का अपने स्तर पर अंतिम संस्कार करवाएगी।

### 20 ग्राम हेरोइन तस्करी में आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज नशा तस्करी मामले में सीआईए-1 ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थो की तस्करी के नेटवर्क को तोड़ते हुए 20 ग्राम नशीला पदार्थ हेरोइन तस्करी मामले में दूसरे आरोपी को काबू किया। सीआईए-1 टीम ने सूचना के आधार पर मामले में कार्रवाई करते हुए बीते दिनों थाना बलदेव नगर क्षेत्र 152-डी नजदीक गांव सद्धोपुर से नशा तस्करी मामले में आरोपी दीपक को 20 ग्राम हेरोइन नशीला पदार्थ सहित काबू किया था। इसी मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संलिप्त दूसरे मुख्य आरोपी घुंघरू को गिरफ्तार किया है। आरोपी को अब जेल भेज दिया गया है।

### धमकी देने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना पड़ाव पुलिस ने मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को काबू किया है। जांच अधिकारी कृष्ण लाल ने बताया कि शिकायतकर्ता हरप्रीत सिंह ने 25 जुलाई 2026 को शिकायत दी थी कि 20 जुलाई 2026 को गांव दुखेड़ी में स्थित उसके घर में घुसकर आरोपी प्रभजोत सिंह, भरपूर सिंह व अन्य ने उससे मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले मे सलिप्त आरोपी प्रभजोत सिंह व भरपूर सिंह को गिरफ्तार किया है।

### एसडीएम ने शिविर में सुनी जनसमस्याएं

**शहजादपुर।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शिवजीत भारती ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर कार्रवाई के आदेश दिए। एसडीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य नागरिकों को उनकी समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान उपलब्ध कराना है। समाधान शिविर इसी सोच का महत्वपूर्ण माध्यम हैं जहां विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपस्थित रहकर लोगों की समस्याओं का मौके पर समाधान करने का प्रयास करते हैं। एसडीएम शिवजीत भारती ने अधिकारियों को प्रत्येक शिकायत पर गंभीरता से कार्य करने के निर्देश भी दिए।

## सरकार ने ग्रामीणों से समाधान पोर्टल पर आवेदन करने के दिए आदेश

# पंचायती जमीन पर बने रिहायशी भवनों का मिलेगा कानूनी हक

पोर्टल पर पांच चरणों में प्रक्रिया को किया जा जाएगा पूरा, 16 जनवरी 2027 तक पात्र उक्त पोर्टल पर कर सकता है आवेदन


एआई जेनरेटेड

- वर्ष 2004 से पहले पंचायत की शामलात भूमि पर 500 गज तक बने मकानों के पात्र परिवारों को मिलेगा मालिकाना हक
- चौथे चरण में खंड अधिकारी साइट निरीक्षण करने व निरीक्षण स्वीकृत होने के बाद उपायुक्त देंगे अंतिम स्वीकृति
- योजना का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए सभी खंड अधिकारियों को ग्रामीण सभा में व्यापक मुनादी के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

2004 से पहले पंचायती जमीन पर बने रिहायशी भवनों में रहने वाले लोगों को अब राज्य सरकार मालिकाना हक देने जा रही है। यह सुविधा अभी 500 वर्गगज में बने भवनों पर मिलेगी। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2004 से पहले पंचायत की शामलात भूमि पर 500 गज तक बने मकानों में रह रहे पात्र परिवारों को कानूनी मालिकाना हक प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इसी उद्देश्य से समाधान पोर्टल शुरू किया गया है। इस पर आवेदन की प्रक्रिया को पांच चरणों में पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण में आवेदनकर्ता अपने पंजीकृत परिवार पहचान पत्र में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर का उपयोग करके आवश्यक विवरण एवं पूर्ण दस्तावेजों सहित आवेदन अपलोड करेगा। आवेदक अपना आवेदन 16 जनवरी 2027 तक उक्त पोर्टल पर अपलोड कर सकता है। दूसरे चरण में ग्राम पंचायत द्वारा आवेदन का सत्यापन किया जाएगा। तीसरे चरण में ग्राम सचिव द्वारा आवेदनों की जांच/समीक्षा करके व ग्राम सभा व ग्राम पंचायत का पारित प्रस्ताव पोर्टल पर अपलोड किया जाएगा। पोर्टल पर प्राप्त आवेदन के अनुमोदन / सत्यापन करने उपरांत उचित होने पर स्वीकृति प्रदान करने हेतू ग्राम सचिव पोर्टल के माध्यम से केस अपने खंड अधिकारी को भेजेगा। उन्होंने बताया कि चौथे चरण में खंड अधिकारी साइट निरीक्षण करने और निरीक्षण का विवरण पोर्टल पर अपलोड करते हुए प्राप्त आवेदन का अनुमोदन या फिर सत्यापन करने उपरांत उचित होने पर स्वीकृति प्रदान करने की सिफारिश करते हुए अंतिम चरण में केस उपायुक्त को पोर्टल के माध्यम से स्वीकृति हेतू भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान पोर्टल पर अभी तक पांच लोगों द्वारा आवेदन किया गया है। इस स्कीम का लाभ गांव में रह रहे पात्र परिवारों तक पहुंचाने के लिए सभी खंड अधिकारियों को ग्रामीण सभा क्षेत्र में व्यापक मुनादी करवाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

## ढाबे पर शराब पीने पर दो गुटों में मारपीट, जख्मी युवक की मौत

- झगड़े की सूचना पर बीच बचाव करने आया था मृतक, पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज किया मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलाना


मृतक राजेश।

नेशनल हाईवे-344 हेमामाजरा कट स्थित एचआर 54 होटल के बाहर शराब पीने के दौरान हुए विवाद में एक युवक की मौत हो गई। मरने वाले युवक की पहचान राजेश (38) के रुप में हुई। वह गांव होली का रहने वाला बताया जा रहा है। युवक मर्चेंट नेवी की नौकरी छोड़ने के बाद गांव में खेतीबाड़ी कर रहा था। पुलिस ने मृतक के परिजनों की शिकायत पर चार आरोपियों के खिलाफ हत्या समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव होली के साहिल उर्फ शेंकी ने बताया कि 24 जुलाई की रात करीब नौ बजे वह अपने साथी अनिल कुमार के साथ कार में संगम ढाबे पर खाना खाने जा रहा था। रात करीब 9:20 बजे हेमामाजरा कट के पास गाड़ी रोकने पर वहां मौजूद गगनपुर का बलराम और साहिल के बीच शराब पीने के दौरान कहासुनी हो गई। देखते ही देखते बात हाथापाई तक पहुंच गई। साहिल ने मामले की जानकारी फोन कर अपने ताया के लड़के राजेश को दी। इसके बाद राजेश और शीशपाल अलग-अलग मोटरसाइकिलों पर मौके पर पहुंचे। राजेश के पहुंचते ही बलराम, राजेश और अनिल के बीच फिर मारपीट शुरू हो गई। शीशपाल बीच-बचाव कराने लगा। रात करीब 11 बजे आरोपी होली गांव के विशाल अपने एक साथी के साथ गाड़ी में आया। उसने आते ही हमला कर दिया। हमलावरों ने कार के शीशे तोड़ दिए और बोनट पर चढ़कर तोड़फोड़ की। घायल अवस्था में शीशपाल कार लेकर मौके से निकल गया। रात 11:50 बजे उसने राजेश को फोन किया तो किसी व्यक्ति ने फोन उठाकर बताया कि राजेश बराड़ा-दोसड़का रोड पर एक दुकान के सामने बेहोश पड़ा है। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल ले गए। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपी विशाल, बलराम, संजू और अनिल कुमार के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक अपने पीछे एक बेटा छोड़ गया है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। अब पुलिस आरोपियों को तलाश रही है।



### लॉर्ड कृष्णा कॉलेज में वैदिक पंरपरा से बीएड द्वितीय वर्ष के शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

**बराड़ा।** लॉर्ड कृष्णा कॉलेज ऑफ एजुकेशन अधोया में बीएड प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश के अवसर पर नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ वैदिक परंपरा के अनुसार हवन-यज्ञ एवं ओरिएंटेशन कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-शिक्षकों के उज्वल भविष्य, सफल शैक्षणिक यात्रा तथा उन्हें आदर्श एवं उत्तरदायी शिक्षक बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में कॉलेज के सचिव रमेश सांगवान तथा उपाध्यक्ष कृष्णा सांगवान ने यजमान के रूप में हवन-यज्ञ में आहुति अर्पित की। विधिवत मंत्रोच्चारण के बीच संपन्न हुए यज्ञ में विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने भी भाग लेकर नए शैक्षणिक सत्र के सफल एवं मंगलमय होने की कामना की। इसके उपरांत आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में बी.एड. द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम, आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन, प्रायोगिक कार्यों, स्कूल इंटर्नशिप तथा अन्य शैक्षणिक गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। सभी विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अध्ययन पद्धति, मूल्यांकन प्रणाली और पूरे सत्र की शैक्षणिक रूपरेखा से अवगत कराते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।

### पोक्सो एक्ट पर छात्रों को दी विस्तृत जानकारी

**अंबाला।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व डीएलएसए की सचिव गीतांजली गोयल के मार्गदर्शन में बच्चों के संरक्षण से संबंधित प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेज अधिनियम, 2012 विषय पर एक विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को सुरक्षित एवं असुरक्षित स्पर्श, ऑनलाइन सुरक्षा, साइबर बुलिंग, डिजिटल शोषण, शिकायत एवं रिपोर्टिंग की प्रक्रिया, तथा पीड़ित सहायता सेवाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। बच्चों को यह भी बताया गया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या सहायता की आवश्यकता होने पर वे चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा नालसा हेल्पलाइन 15100 पर संपर्क कर सकते हैं। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पौधारोपण अभियान भी आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों एवं बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रभावी ढंग से प्रसारित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पैनल पीएलवी नेहा परवीन द्वारा किया गया।



## घटते वन क्षेत्र मानव जीवन के लिए बने चुनौती, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- इको क्लब ने डीएवी के परिसर में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। कॉलेज में पौधारोपण करते शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के इको क्लब द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं हरित परिसर के उद्देश्य से कॉलेज परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्लब के सदस्यों एवं प्राध्यापकों ने उत्साहपूर्वक अमलतास, नीम, गुलमोहर, चीकू और आम की विभिन्न प्रजालियो के पौधों का रोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफ़ेसर डॉ. आरएस परमार ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी सामाजिक और नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते वन क्षेत्र मानव जीवन के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। इको क्लब के संयोजक डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित नहीं रखते, बल्कि शुद्ध वायु, वर्षा, जैव विविधता तथा आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के आधार भी हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में समय समय पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। ऐसे में प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व है कि वह अधिक से अधिक वृक्ष लगाए और उनकी नियमित देखभाल भी सुनिश्चित करे। कार्यक्रम में डॉ. चांद सिंह, डॉ. राजीव राणा, डॉ. सुभाष शर्मा, राजीव कुमार, डॉ. सुखदेव सिंह, डॉ. प्रियंका चौधरी, अश्विनी, नंदलाल, रामकेवल, दिनेश व अन्य मौजूद रहे।

### एसके जैन के छात्र आरित ने बैड़मिंटन में मारी बाजी

**अंबाला।** अंबाला शहर के एसए जैन सीनियर मॉडल स्कूल के कक्षा ग्यारहवीं के प्रतिभाशाली छात्र आरित शर्मा ने सेक्टर 7, चंडीगढ़ में आयोजित प्रतिष्ठित कॉम्प्टे बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया।असाधारण फुर्ती, रणनीतिक कौशल और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए आरित ने विभिन्न आयु वर्गों में भाग लिया और दोनों वर्गों में शानदार सफलता प्राप्त की। उन्होंने अंडर-15 वर्ग में रजत पदक तथा अंडर-17 वर्ग में कांस्य पदक जीतकर अपनी प्रतिभा और खेल भावना का परिचय दिया। इस दोहरी उपलब्धि पर प्रबंध समिति के माननीय सदस्यों अध्यक्ष रजत जैन, उपाध्यक्ष डॉ. विनीत जैन, सचिव हितेश जैन, प्रबंधक रितेश जैन, वित्त सचिव सुनील जैन एवं सलाहकार रविकांत जैन तथा प्रधानाचार्या डॉ. रेनू गहलावत ने आरित को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने आरित की लगन, कठिन परिश्रम, समर्पण और उत्कृष्ट खेल कौशल की सराहना करते हुए कहा कि वह अपने साथियों के लिए प्रेरणादायक उदाहरण है। विद्यालय ने परिवार आरित के उज्वल भविष्य और आगामी खेल प्रतियोगिताओं में निरंतर सफलता की कामना की है।



## भाषण प्रतियोगिता में बीकॉम की छात्रा निशिका ने पाया प्रथम स्थान

- गायन प्रतियोगिता में जतिन कुमार बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। विजेता को पदक देकर सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अंबाला छावनी के राजकीय महाविद्यालय में कारगिल दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा किया गया। इस अवसर पर देशभक्ति विषय पर आधारित गायन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम धीमान, डॉ. रणदीप सिंह एवं डॉ. ओमवीर सिंह के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। भाषण प्रतियोगिता में बी.कॉम की छात्रा निशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि गायन प्रतियोगिता में जतिन कुमार ने बाजी मारी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर हिंदी विभाग के सहायक प्रोफेसर एवं भूतपूर्व सैनिक डॉ. सुरेश कुमार ने भारतीय वायु सेना में अपनी सेवा के दौरान के अनुभव विद्यार्थियों के साथ सांझा किए।



### गांव राजोखेड़ी के तालाब में मिला व्यक्ति का सड़ा-गला शव, पहचान में जुटी पुलिस

**बराड़ा।** गांव राजोखेड़ी के तालाब में सोमवार शाम एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने तालाब के पानी में शव तैरता हुआ देखा तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि शव सड़ी-गली अवस्था में था, जिससे उसकी तत्काल पहचान नहीं हो सकी। शव को तालाब के गहरे पानी से बाहर निकालने के लिए पुलिस ने स्थानीय समाजसेवियों का सहयोग लिया। शाह सतनाम जी ग्रीन एस वेलफेयर कमेटी के स्वयंसेवकों ने कड़ी मशक्कत के बाद शव को बाहर निकाला, जिसके बाद पुलिस ने उसे पोस्टमार्टम और पहचान के लिए एमएम मेडिकल कॉलेज के शवगृह में भिजवा दिया। मृतक की आयु करीब 45 वर्ष आंकी जा रही है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में दर्ज गुमशुदगी के मामलों का मिलान कर मृतक की पहचान करने का प्रयास कर रही है। थाना प्रभारी रामकरण सैनी ने बताया कि शव की शिनाख्त के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है तथा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारणों के संबंध में स्पष्ट जानकारी मिल सकेगी।

### अंबाला दिल्ली हाइवे पर कार से टकराने पर सड़क पर ऑटो पलटा, नौ सवारियां बुरी तरह जख्मी

**अंबाला।** अंबाला-दिल्ली हाईवे स्थित शास्त्री कॉलोनी के पुल पर कार की टक्कर से सवारियों से भरा ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि भोग से लौट रहे ऑटो चालक सहित एक ही परिवार के 9 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीर पहले तो एंबुलेंस को फोन करते रहे लेकिन कोई न आने पर करीब 20 मिनट के बाद ई-रिक्शा के जरिये घायलों को छावनी के नागरिक अस्पताल में दाखिल करवाया। घायल छावनी के छोटा खुड्डा के रहने वाले हैं। इनमें चालक संजू (42), बेजी रानी (36), अनीता (40), पाला राम (70), काजल (38), रजनीश कुमार(48), रीना रानी (35), ऋषि (42) व ममता शामिल हैं। थाना प्रभारी पड़ाव प्रवीण ने बताया कि ऑटो में सवार सभी घायलों का उपचार चल रहा है। कार चालक की तलाश की जा रही है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

### कुत्ते पर गोली चलाने वाले आरोपी गिरफ्तार

**नारायणगढ़।** गधौली गांव के निकट मारकंडा पुल के पास दो बाइक सवार युवकों ने पीछे लगे कुत्तों पर गोली चला दी। हालांकि गोली किसी कुत्ते को नहीं लगी। गोली चलाने वाले युवकों को पुलिस ने काबू कर लिया है। पुलिस ने परिवादी भूपेंद्र सिंह की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है। थाना प्रभारी ललित ने बताया कि मामले की जांच में पता चला कि एक निजी कंपनी पर दो युवकों पर टॉवर की देखरेख का जिम्मा है। जब वह इलाके में घूम रहे थे तभी खेत मालिक द्वारा कुत्ते छोड़ने पर गोली चलाई गई थी। इसके बाद बाइक सवार मौके से भाग निकले। फिर दूर जाकर मुख्य सड़क के पास उन्होंने एक हवाई फायर किया।इस मामले में वेद प्रकाश व एक अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## छह वकील भूख हड़ताल पर बैठे, सभी अदालतों में काम रख ठप

# लीगल व डिफेंस काउंसिल सिस्टम के विरोध में वर्क सस्पेंड

कई दिनों से नई पॉलिसी को लेकर वकील जता रहे है विरोध, स्वतंत्र प्रणाली पर बताया खतरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला


अंबाला। भूख हड़ताल पर बैठे बार एसोसिएशन के पदाधिकारी।

पंजाब एवं हरियाणा बार एसोसिएशन की ज्वाइंट एक्शन कमेटी के आह्वान पर 'लीगल एंड डिफेंस काउंसिल सिस्टम' के विरोध में अंबाला जिला बार एसोसिशन प्रदर्शन किया। इस दौरान एसोसिएशन के पूर्व प्रेजिडेंट जब्बर चौधरी व एडवोकेट संदीप सचदेवा समेत कई पदाधिकारियों ने भूख हड़ताल कर सिस्टम का कड़ा विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने नई पॉलिसी को वापस लेने की मांग की। एसोसिएशन के अध्यक्ष सतपाल सिंह के नेतृत्व में छह वकील सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक भूख हड़ताल पर बैठे रहे। इनमें एडवोकेट संदीप सचदेवा, जब्बर चौधरी के साथ जगतार सिंह, विवेक महर्षि, राजेश शर्मा और प्रवीण रानी चंदेल शामिल रही। भूख हड़ताल पर बैठे वरिष्ठ अधिवक्ता संदीप सचदेवा ने कहा कि यह नई प्रणाली वकीलों की स्वतंत्रता और न्यायिक संतुलन को प्रभावित करेगी। यह अधिवक्ता अधिनियम 1962 की मूल भावना के विरुद्ध है, जिससे स्वतंत्र पैनल प्रणाली खत्म हो जाएगी। उन्होंने चिंता जताई कि इससे बार एसोसिएशन कमजोर होगी और बिना कानूनी पृष्ठभूमि वाले युवा अधिवक्ताओं के लिए रोजगार के अवसर लगभग समाप्त हो जाएंगे। इस दौरान सचिव विकास शर्मा, उपाध्यक्ष अरविंद गोयल आदि रहे।

### अदालतों में कामकाज रहा ठप

हड़ताल की वजह से सभी अदालतों में कामकाज पूरी तरह से ठप रहा। हड़ताली वकीलों के समर्थन में कोई भी वकील किसी भी मामले की सुनवाई में शामिल नहीं हुआ। ज्यादातर मुवक्किलों को खुद ही अदालत में पेश होकर अपनी हाजिरी लगवानी पड़ी। नई पॉलिसी को लेकर पिछले काफी दिनों से निरंतर विरोध हो रहा है। इसी वजह से अदालतों का कामकाज भी प्रभावित हो रहा है।